sns academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

MONTHLY TEST- NOVEMBER -2019-20
Hindi (3rd lang)

Grade: VI **Marks: 40**
Date : 08.11.19 **Time: 1:30 Hrs**

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

विश्वामित्र नाम के एक मुनि वन में तपस्या करते थे। वे बड़े तपस्वी थे, पर क्रोधी भी कम नही थे, इसलिए लोग उनसे बहुत डरते थे। एक दिन वे महाराज दशरथ के द्वार पर आकर खड़े हो गये।उन्होंने द्वारपालों से कहा-'जल्दी जाकर राजा को खबर दो कि मुनि विश्वामित्र मिलने आए हैं।' विश्वामित्र की लाल-लाल आँखे देखकर द्वारपाल डर गये। वे दौड़कर महाराज के पास गये और बोले- 'महाराज एक क्रोधी मुनि द्वार पर खड़े हैं। महाराज से मिलना चाहते हैं।'समाचार मिलते ही महाराज दशरथ महल से बाहर आए, मुनि को दंडवत प्रणाम किया।

क) विश्वामित्र कैसे थे ? 2

ख) लोग उनसे क्यों डरते थे ? 2

ग) विश्वामित्र ने द्वारपालों से क्या कहा ? 2

घ) द्वारपाल महाराज से क्या बोले ? 2

ड.) उचित शीर्षक लिखिए। 1

II. क) वर्ण-विच्छेद कीजिए- 2

1. जन्मदिन 2. प्राचीन

ख) नीचे दिए गये वाक्य पढ़कर उनके लिए सही सर्वनाम शब्द लिखिए। 5

1. राम दर्जी है,____ लोगों के कपड़े सिलता है।
2. रमेश के पिताजी अध्यापक हैं,_____ अंग्रेजी पढ़ाते हैं।
3. आज ____ जन्मदिन है।
4. कल____ चिड़ियाघर देखने जायेंगे।

5. ____ चित्र बना रहा हूँ।

ग) उचित सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए। 5

मैं, वे, आप

वह, मेरे

1. _____ बड़ा नटखट है।

2. _____ पास थोड़ी किताबें हैं।

3. आज ___ बहुत खुश हूँ।

4. कल ___ दिल्ली जायेंगे।

5. ___ मेरे घर आइये।

III. अंग्रेजी में अर्थ लिखिए। 5

1. मनुष्य 2. आराधना 3. कीर्ति 4. विद्वान 5. कुख्यात

IV. दिये गये वाक्यों के सामने सही( ) और गलत(X)का निशान लगाइए। 5

1. खड्गसिंह बाबा भारती की तरह बनना चाहता था।

2. घोड़े के जाने पर भी बाबा के चेहरे पर संतोष के भाव थे।

3. खड्गसिंह डाकू के वेश में बाबा से मिला।

4. बाबा भारती अपने घोड़े को राम कहकर बुलाते थे।

5. घोड़ा वापस मिलने पर बाबा उससे लिपटकर काफी देर तक रोए।

V. प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

1. सर्वनाम किसे कहते हैं, उदाहरण के साथ समझाइये ? 2

2. बाबा भारती कहाँ रहते थे ? 2

VI. चित्र-वर्णन कीजिए। 5